तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 20 दिसंबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 एनएसजी कमांडो की तरह अब ट्रेंड हो रहे हैं वीवीआईपी...



12 बाबा गुरु घासीदास ने मानवता और भाईचारे ...



## खबर संक्षेप

### सीईओ अग्रवाल ने नरेगा के कार्यों का किया निरीक्षण



**बेमेतरा।** शासन की महत्वाकांक्षी योजना का ग्रामीण स्तर पर संचालन की वस्तुस्थिति का निरीक्षण करने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बेमेतरा टेकचंद अग्रवाल ने विकासखंड बेरला के विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा किया । महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत क्षेत्र में निर्मित और निर्माणाधीन कार्यों के निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत बांस के हितग्राही दयावती दीवार के द्वारा निर्मित मुर्गी पालन शेड की प्रशंसा की गई और महिला समूहों के लिए हितग्राही मूलक कार्य लिए जाने हेतु निर्देशित किया गया। ग्राम पंचायत पहांदा बारगांव कुम्ही बांसा बोरसी एवं बेरलाकला में प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों का महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत 90 मानव दिवस की राशि का समय पर भुगतान करने के निर्देश दिए गए । निरीक्षण के दौरान सहायक परियोजना अधिकारी महात्मा गांधी नरेगा, डीपीएम एनआरएलएम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बेरला, कार्यक्रम अधिकारी तथा समस्त तकनीकी सहायक उपस्थित थे।

### पचभैया में श्रीमद्भागवत कथा 27 से

**बेमेतरा।** ग्राम पचभैया में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 27 दिसंबर से किया जाएगा, जो 3 जनवरी तक चलेगा। नंदकुमार जायसवाल ने बताया कि कथा वाचक भागवताचार्य डॉक्टर सुरेश चंद्र होंगे। कथा स्थान हनुमान मंदिर प्रांगण में होगी।

### 108 पौवा देशी शराब के साथ कोचिया पकड़ाया

**बालोद।** ग्राम नेवारीकला में महिपाल यादव के पोल्ट्री फार्म के पास नेवारीकला निवासी दिलीप सतनामी 35 वर्ष अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा था, जिसे कोतवाली पुलिस ने पकड़ा है। कब्जे से 108 पौवा नग शराब एवं 200 रुपए को जब्त किया है। वहीं, बालोद पुलिस ने दिलीप सतनामी के खिलाफ धारा 34 (2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### पाऊवारा में मारपीट मामला दर्ज

**बालोद।** ग्राम पाऊवारा में आपसी बात को लेकर तीन लोगों में मारपीट हो गई। गुरुवार को रनचिरई थाने में दो लोगों के खिलाफ धारा 115(2)बीएनएस, 296बीएनएस, 3(5)बीएनएस, 351(2)बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्राथी कौशल यादव ने बताया कि बुधवार को बाबा गुरु घासीदास जयंती पर रात्रि में ग्राम पाऊवारा के कलामंच में रिकर्डिंग डांस कार्यक्रम हो रहा था, जिसे देखने के लिए गया था। उसी दौरान किराना दुकान के पास गुटखा लेने गया था।

## सियासत

### कबीर कुटी के पास 50 लाख से निर्मित किसान भवन का पूर्व मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण, कहा-

# मैं किसानों को नहीं छोड़ सकता, उनकी हर तकलीफ में साथ खड़ा रहूंगा : भूपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रदेश में विष्णुदेव मुख्यमंत्री के पद पर विराजमान हैं, परंतु सरकार कौन चला रहा है किसी को पता नहीं, खुद भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी पूछ रहे है कि आखिर चल किसकी रही है।

■ भाजपा पर साधा निशाना, कहा हमारी सरकार ने किसानों का उपज खरीदने सुगम व्यवस्था बनाई, नहीं संभाल पा रही सरकार

उक्त बातें प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जिला मुख्यालय स्थित कबीर कुटी के पास 50 लाख रुपए की लागत से निर्मित किसान भवन के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री रविंद्र चौबे, पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू, जनपद अध्यक्ष रीना मिथलेश वर्मा थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री बघेल ने प्रदेश सरकार व भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने पूरे पांच साल किसानों की उपज खरीदने सारी सुविधा का इंतजाम करते हुए एक-एक दाना खरीद कर तत्काल कीमत की राशि खाते में भेजने का कार्य किया। किसानों की उपज बचाने सीमेंटीकारण से लेकर शेड बनाया गया, ताकि सूखत न आए और किसानों का नुकसान न हो। टोकन की व्यवस्था और खरीदी सुगम बनाया गया था, लेकिन उसे भी प्रदेश की सरकार संभाल नहीं पा रही है। आज किसान भाइयों को भटकना पड़ रहा है। सरकार न तो बारदाने दे पा रही ओर ना धान का उठाव कर पा रही है। खरीदी केंद्र में जाम की स्थित के कारण हर जिले में धान खरीदी बंद होने की कगार पर पहुंच गई है। प्रदेश के किसान सरकार की धान खरीदी नीतियों के कारण परेशान हो गए हैं। इस दौरान श्री बघेल ने अपने कार्यकाल में प्रदेश में किए गए कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कोरोना काल में भी कांग्रेस की सरकार ने प्रदेश में मंदी का सामना नहीं होने दिया जबकि पूरे देश में हालत खराब हो चुकी थी ओर हमारी सरकार अन्य प्रदेश को लोगों उस दौर में राशन मुहैया कराने का कार्य कर रही थी। उन्होंने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा आज प्रदेश के हर जिले में कानून की परवाह नहीं है खुले आम अपराधी हत्या, बलात्कार, लूट, चाकूबाजी ▶▶| शेष पेज 11 पर



### भूपेश बघेल हमेशा किसानों के साथ खड़ा रहेगा

छत्तीसगढ़ी में संबोधन के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इशारों ही इशारों व मजाकिया लहजे में अपनी सरकार जाने पर कहा कि उसे हर कोई कहता है कि मुख्यमंत्री रहते किसानों के लिए सब कुछ किए पर किसानों ने आपको छोड़ दिया उन्हें अब भाजपा सरकार में भटकने दो तकलीफ होने दो। लेकिन मैं उन साथियों को कहता हूं कि भले चुनाव में किसानों ने भूपेश बघेल को छोड़ दिया था, लेकिन भूपेश बघेल किसानों को नहीं छोड़ सकता। प्रदेश में किसी भी किसान को तकलीफ होगी भूपेश बघेल खड़े नजर आएगा। इसके अलावा उन्होंने महतारी वंदन योजन पर तंज कसते हुए यह भी कहा कि किसान से लेकर हर वर्ग के लिए कांग्रेस की सरकार ने बेहतर से बेहतर योजना बनाई, पर वे सब अपने घर की मालकिन को समझा नहीं पाए और 1 हजार के चक्कर में सब गड़बड़ हो गया। आज 1 हजार देकर सरकार बिजली बिल व दारू की कीमत बढ़कर वसूल रही है। श्री बघेल ने कहा कि हमारी सरकार ने जहां शिक्षा, चिकित्सा, 35 किलो राशन मुफ्त दिया, वहीं बिजली बिल हाफ किया गया।





### लोकार्पण के लिए विवाद, भाजपाइयों ने पूर्व सीएम को दिखाए काले झंडे

भवन के लोकार्पण के पूर्व जमकर विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई। पहले किसान समिति में भवन की चाबी लेने किसानों में ही दो फाड़ हो गया। उधर भाजपा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व कांग्रेस नेताओं द्वारा लोकार्पण करने का विरोध कर रही थी। भूपेश बघेल के कवर्धा से आगमन होने 15-20 की संख्या में मौजूद भाजपा के युवा नेता पूर्व मुख्यमंत्री के गाड़ी सामने खड़े होकर उन्हें काला झंडा दिखाकर वापस जाओ के नारे लगाने लगे इस दौरान अफरा तफरी स्थिति निर्मित हो गई। पूर्व मुख्यमंत्री के सामने भाजपा नेताओं की नारेबाजी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को नागवार गुजरी ओर दोनों दलों के नेताओं के बीच जमकर विवाद हुआ झुमा झटकी एक दूसरे करते रहे। वहीं इस पूरे घटना क्रम में पुलिस प्रशासन मूक दर्शक बनी रही, जबकि आधे घंटे पूर्व भाजपा कार्यकर्ता काला झंडा लिए पुलिस के सामने ही खड़े रहकर पूर्व मुख्यमंत्री का इंतजार कर रहे थे। बहरहाल मामला यह था कि किसान नेताओं ने तय किया कि भूपेश बघेल ने भवन के लिए 50 लाख रुपए दिए हैं तो जिसने भवन बनवाया उसी के हाथों लोकार्पण कराया जाएगा। इसी आधार पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा को मुख्य अतिथि बनाया गया, लेकिन भाजपा के कार्यकर्ताओं कहना है कि सरकार ने राशि दी है तो वर्तमान में भाजपा की सरकार तो भवन का लोकार्पण भी हमारे नेताओं के हाथों होना चाहिए।

## मतभेदों को भुलाकर केवल उन्नति के लिए कार्य करना है : दीवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

नगर के तिलका पारा में बाबा गुरु घासीदास जयंती धूमधाम से मनाई गई। गुरु गद्दी व जैतखाम की पूजा अर्चना के पश्चात पंथी नृत्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के लोगों ने बढ़कर हिस्सा लिया। आसपास से आई हुई टोलियों ने लोक नृत्य पंथी अद्भुत नृत्य प्रस्तुत किया।

■ तिलका पारा में धूमधाम से मनाई गई बाबा गुरु घासीदास जयंती

नवागढ़ नगर प्रधान विकास धर दीवान भी जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने गुरु गद्दी व जैतखाम का पूजा अर्चना कर नगर के समृद्धि व खुशहाली का कामना की। दीवान ने कहा कि बाबा ने मनखे-मनखे एक समान का आदर्श प्रस्तुत करके समाज में भेदभाव, छुआछूत और अन्य कुरीतियों को समाप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया। उनका अद्वितीय योगदान आज भी हमें एकता व सामाजिक न्याय के लिए प्रेरित करता है। दीवान ने कहा कि नवागढ़ के विकास के लिए हम सभी एक हैं, आपसी मतभेदों को दूर कर हम लोगों को केवल और केवल नवागढ़ के प्रगति और उन्नति के लिए काम करना है। कुछ बाहरी तत्व हमारे बीच फूट डालने की कोशिश कर रहे हैं उनसे सचेत रहने की आवश्यकता है।





### अपने दायित्वों को समझें : महिलांग

पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गिरेन्द्र महिलांग ने बाबा गुरु घासीदास के योगदान और उनकी शिक्षाओं को याद किया। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे समाज के प्रति अपने दायित्वों को समझते हुए अपने प्रयासों को और अधिक समर्पित करें और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए कार्य करें। इस दौरान महामंत्री मिंटू बिसेन, रतन दिवाकर, सुरेश निषाद, विमल घृतलहरे, लक्ष्मीचंद जैन, तनु दीवान, भंडारी श्यामलाल बंजारे, डेलू डहरे, बंजु गहरे, चैतू गहरे, सौखी गहरे, शिव घोष, विजय गायकवाड़, केजू जांगड़े, मोती महिलांग, आकाश, पप्पू हिरवानी, हेमराज, साहेब बघेल, केदार, झूलेलाल, राजू जांगड़े, नोहर बघेल सहित समाजिक बंधु उपस्थित रहे।

## घठोली में पाइप लाइन से पहुंचेगा पीने का पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

जिला बेमेतरा जनपद के ग्राम पंचायत आंदू के आश्रित ग्राम घठोली में पीने की पानी जल्द ही पहुंचेगा। इसके लिए गुरुवार को पानी पाइपलाइन बिछाने की कार्य का स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों की उपस्थिति में पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया गया। बता दें कि डीएमएफ से घठोली में पीने का पानी पहुंचाने लगभग 19.31 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई है। इससे करीब 2 किमी तक जीआई पाइपलाइन के माध्यम से पीने का पानी पहुंचाने सुविधा विकसित किया जाएगा। इस मौके पर आश्रित ग्राम घठोली के सरपंच संजय जोशी, जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी, डॉ. सौरभ निर्वाणी, पंच संतोष टंडन, पंच हेमलाल साहू, ग्रामीण विशंभर साहू, विदेशी साहू, पूर्व सरपंच चंदाबाई, कांति टंडन जिला पीएचई विभाग के अधिकारी सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

■ 19 .31 लाख की लागत से बिछाई जाएगी पाइप, भूमिपूजन



पीएचई के एसडीओ संतोष नायक ने जब गांव में पीने की पानी पाइपलाइन से 2 से 4 दिन के भीतर पहुंचाने की बात बताई तो घठोली की महिलाओं, पुरुषों, बच्चों सभी नागरिकों की चेहरे खुशी से खिल उठे। सरपंच संजय जोशी ने बरसों से अति गंभीर पेयजल की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को राहत दिलाने के लिए जिला कलेक्टर बेमेतरा का ग्रामवासियों की तरफ से आभर व्यक्त किया। भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने ग्रामीणों को बधाई देने के साथ ही ठेकेदार एवं पीएचई अधिकारियों को इस जनहित के कार्य में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार से समझौता नहीं करने की बात कही।

## सीएचसी बेरला में लगा शिविर 13 लोगों ने किया रक्तदान



**बेमेतरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेरला में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान 13 यूनिट रक्तदान किया गया। रक्तदान शिविर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सह सिविल सर्जन डॉ यशवंत कुमार ध्रुव के निर्देश पर रखा गया। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेरला प्रभारी डॉ जीतेन्द्र कुमार कुंजाम बीएमओ, यशवंत चंद्राकर बीपीएम, डॉ पंकज वर्मा,डॉ बलविंदर यादव और सीएचसी स्टॉफ ने रक्तदान किया। उक्त अवसर भूपेंद्र कुर्रे एमएलटी, कुलेश्वरी ▶▶| शेष पेज 11 पर

## श्यामपुर कांपा में मना मानस सम्मेलन और श्री राम किंकर जन्म शताब्दी उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखम्हरिया

समीपस्थ ग्राम श्यामपुर कांपा में मानस संघ ब्लॉक साजा के शक्ति केंद्र-03 के तत्वावधान में एक दिवसीय मानस सम्मेलन एवं श्री राम किंकर जन्मशताब्दी उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर श्रीमज्ज्योतिर्मयानंद सरस्वती जी महाराज (दंडी स्वामी) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। श्रीमज्ज्योतिर्मयानंद सरस्वती जी महाराज ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में श्री रामचरितमानस की उत्पत्ति, महिमा और धार्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इसे आत्मा की शुद्धि और धर्म की रक्षा का प्रमुख साधन बताते हुए इसे आत्मसात करने का आह्वान किया।

विशेष अतिथियों में जिला मानस संघ के अध्यक्ष देवलाल सिन्हा और श्री राम सेवा सत्संग मानस समिति के संयोजक अनिल सिंघानिया सम्मिलित हुए। उन्होंने सम्मेलन की सराहना करते हुए श्री रामचरितमानस को जन-जन तक पहुंचाने और सनातन धर्म की रक्षा के लिए संतों को संगठित होकर रहने की बात कही। मानस मंडलियों मे श्यामपुर कांपा, उमरिया बेतर, गाड़ाडीह,पतोरा और पलेनी के मंडलियों ने प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मानस संघ ब्लॉक साजा के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें भरत साहू अध्यक्ष, तोरण लाल सिन्हा उपाध्यक्ष, होरीलाल पाल सचिव, रामजी साहू कोषाध्यक्ष, रामसिंह साहू सलाहकार, अनिल सिंघानिया संरक्षक, संतोष साहू मीडिया प्रभारी प्रमुख थे। साथ ही आत्माराम साहू, सुरेश वर्मा, तोरण सिंह पटेल, सुनील साहू, खिलावन साहू, जगदीश साहू, ललिता साहू, योगिता राजपूत, सुनीता साहू, ढालेश्वरी साहू, दानीनाथ योगी, डाकवर ठाकुर, मनोज साहू, टूकेश साहू, धनेश्वर साहू, राजेंद्र पटेल, विष्णु साहू, युवराज साहू, छत्तीसगढ़ मानस ▶▶| शेष पेज 11 पर

### जनपद पंचायत बेरला के ग्राम पंचायत मोहभट्ठा का मामला

## पाइप फूटने से रोज बह रहा हजारों लीटर पानी, डेढ़ साल बाद भी मरम्मत नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग साजा सम्बद्ध जनपद पंचायत बेरला के ग्राम पंचायत मोहभट्ठा वार्ड 12 में डेढ़ दो साल से पाइप टूट जाने के कारण लगातार सैकड़ो लीटर पानी गलियों में बह रहा है। इसके कारण ग्रामीणों में जलजनित रोगों से चिंता सता रही है। ठेकेदार की लापरवाही व गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य के कारण ग्रामीणों के लिए मुसीबत की सबब बन गया है। वही स्तरहीन मटेरियल व पाइप की उपयोग के कारण जगह जगह लीकेज की समस्या बन गया है।

इसके कारण से ग्रामीणों को गंभीर बीमारी जैसे डायरिया का प्रकोप फैलने का डर हमेशा ग्रामीणों को सता रहा है। कई स्थानों पर तो वैसे ही गंदी नालियों के बीच से पेयजल पाइपें उनके घरों तक पहुंच रही है। कई जगह तो टूटी हुई पाइपलाइनों से रोजाना सैकड़ों लीटर पानी बेकार जा रहा है।



ग्रामीणों का मानना है कि ठेकेदार की लापरवाही के चलते गांव में गन्दा पानी पीने को मजबूर है। जिस पर सम्बंधित आला अधिकारी विभाग की एडवाइजरी की भी लगता किसी को चिंता नहीं है। हैरानी की बात यह है कि मेन पाइप लाइन से जोड़ी गई पाइप टूट चुकी है और पानी बाहर बह रहा है। गंदी नाली के ऊपर डाली गई इस पाइप से गंदा पानी रिस कर लोगों के घरों के नलों में रोजाना पहुंचते है, इसके प्रयोग से उन्हें जलजनित रोग भी होने की बड़ी संभावना जताई जा रहे है। लेकिन न तो ठेकेदार इस ओर झांकने तक फुर्सत है न ही विभाग का इस तरह के पानी कनेक्शनों पर कोई चेक है और न ही लोगों को इन्हें समय पर ठीक करवाने की कोई चिंता है। महज नगर पंचायत साजा स्थित ग्राम डोंगितरई में डायरिया फैलने से सामुदायिक स्वास्थ्य चिकित्सालय साजा डायरिया के प्रकोप से कई मरीज की शिकायत सामने आया था। जिसके फलस्वरूप गंभीर बीमारी फैलने के कारण अंचल में अफरातफरी फैल गयी थी।

### 32 ठेकेदारों को नोटिस

बेमेतरा 28 सितंबर 2024 को बेमेतरा ज़िले के विकासखंड साजा, नवागढ़ में स्वीकृत जल जीवन मिशन के कार्य शुरू नहीं करने एवं लापरवाही बरतने पर संबंधित फ़र्म/ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही 32 अन्य ठेकेदारों, जिनकी कार्य प्रगति धीमी रही या जिन्होंने कार्यों में रुचि नहीं दिखाई, को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जल जीवन मिशन के कार्यों में गुणवत्ता और समय सीमा का पालन सुनिश्चित करने के लिए कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जे.पी. गोड़ ने सख्त निर्देश जारी किए है। उन्होंने कहा कि सभी कार्य निर्धारित समयावधि में और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। इस दिशा में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इससे पहले कलेक्टर रणबीर शर्मा ने 25 सितंबर को जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक की थी। इस दौरान उन्होंने 16 महीने बीत जाने के बावजूद कार्यों की शुरुआत न होने पर गहरी नाराज़गी जताई थी। कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि तीन दिनों के भीतर सभी स्वीकृत कार्यों की शुरुआत नहीं हुई, तो सख्त कदम उठाए जाएंगे। उनके आदेश के अनुपालन में, कार्यपालन अभियंता पीएचई बेमेतरा द्वारा यह कार्रवाई की गई। जल जीवन मिशन को सफलतापूर्वक लागू करने और क्षेत्र के नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। अधिकारी अब इस बात पर ध्यान दे रहे हैं कि ठेकेदार अपने कार्यों को तय समय में पूरा करें, ताकि सरकार की मंशानुरूप हर घर नल योजना का लाभ मिल सके।

पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### मठपुरैना रावतपुरा बीएसयूपी को मिलेगा मॉडल स्वरूप

**रायपुर।** मठपुरैना स्थित रावतपुरा बीएसयूपी कॉलोनी को जल्द मॉडल स्वरूप प्रदान किया जाएगा। इस कालोनी में लोगों की सुविधा के लिए सामुदायिक भवन, मंगल भवन और सुंदर बगीचा विकसित किया जायेगा। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने अपर आयुक्त विनोद पांडे, जोन 6 कमिश्नर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता अतुल अग्रवाल के साथ कार्य स्थल का निरीक्षण किया। नगर निगम जोन 6 स्थित मठपुरैना बीएसयूपी कालोनी मॉडल कालोनी के रूप में विकसित कार्य करवाया जायेगा। कालोनी में लोगों की सहूलियत के लिए केन्द्र व राज्य प्रवर्तित योजना के तहत विकास कार्य करवाये जायेंगे। निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा ने विभागीय अधिकारियों को संबंधित बीएसयूपी कॉलोनी को गुणवत्ता सहित मॉडल स्वरूप देने निर्देश दिये।

### धीवर समाज प्रमुखों ने गृहमंत्री से की मुलाकात



**रायपुर।** धीवर समाज के प्रमुख लोगो द्वारा उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से उनके निवास स्थल में जाकर समाज के लिए छात्रावास एवं सांस्कृतिक भवन के निर्माण को लेकर उनसे मुलाकात की। पूर्व में उप मुख्यमंत्री जी द्वारा सामाजिक परिचय सम्मेलन में शामिल होकर समाज के लिये नये छात्रावास एवं सांस्कृतिक भवन निर्माण की घोषणा की थी। इस अवसर पर समाज प्रमुख रामकृष्ण धीवर, सुरेश धीवर, रामलाल पेदररिया, पवन धीवर, बसंत निषाद, घसियाराम मटियारा, संरक्षक जय प्रकाश फुटान, राजेश फरिकार, अजय फुटान, कुशल मटियारा, दुलेश्वर मटियारा, कमलेश फेकर आदि मौजूद थे।

### धान खरीदी डाटा एंट्री ऑपरेटरों की हड़ताल खत्म

**रायपुर।** नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर अपनी लंबित मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कम्प्यूटर आपरेटर संघ की हड़ताल समाप्त हो गई है। कृषि मंत्री रामविचार नेताम से उनके निवास कार्यालय पर छत्तीसगढ़ धान खरीदी ऑपरेटर संघ ने मुलाकात की। इस दौरान शासन से सामंजस्य बिठाकर कार्य करने पर सहमति बनी। संघ के सदस्यों ने प्रदेश अध्यक्ष भाजपा किरण सिंह देव से मुलाक़ात कर मांग के संबंध में अवगत कराया। छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य धान खरीदी कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत मोहरे ने बताया कि धान खरीदी डाटा एंट्री ऑपरेटर 12 दिसंबर से अपनी लंबित मांगों को लेकर हड़ताल पर थे। बुधवार को क़ृषि मंत्री रामविचार नेताम और प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव से मुलाकात के बाद शासन से सामंजस्य बैठाकर कार्य करने की सहमति बनी, इसके बाद समाप्त कर दी गई है।

### विभिन्न मांगों को लेकर गडकरी से मिले बृजमोहन

**रायपुर।** रायपुर-दुर्ग राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित कुम्हारी टोल प्लाजा को बंद करने समेत विभिन्न कार्यों को लेकर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने बताया कि कुम्हारी टोल प्लाजा वर्षों से संचालित है। अवधि पूर्ण हो जाने के बाद भी यह टोल प्लाजा अवैध रूप से संचालित हो रहा है, जिससे स्थानीय जनता को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। उन्होंने टोल प्लाजा को तत्काल बंद करने की मांग की है।
बृजमोहन अग्रवाल ने रायपुर शहर की यातायात की समस्या और परिवहन के बुनियादी ढांचे की समस्याओं के समाधान के लिए श्री गडकरी के सामने अपनी मांगें रखी हैं। इन मांगों में रिंग रोड क्रमांक 1 के सर्विस रोड को 5 मीटर से बढ़ाकर 11 मीटर करने, रायपुर रेलवे स्टेशन से नेशनल हाइवे 30 के जंक्शन तक बने एक्सप्रेस हाईवे को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को सौंपने। एक्सप्रेस हाईवे पर राष्ट्रीय राजमार्ग 30 (शदाणी दरबार) के जंक्शन पर ग्रेड सेपरेटर का निर्माण करने।

# एनएसजी कमांडो की तरह अब ट्रेंड हो रहे हैं वीवीआईपी सुरक्षा में लगने वाले पीएसओ और ड्रायवर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में वीवीआईपी की सुरक्षा का तंत्र अब और अधिक मजबूत और सक्षम होगा। दरअसल वीवीआईपी सुरक्षा में काम करने वाले पीएसओ को नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (एनएसजी) के माध्यम से ट्रेनिंग दिलवाई जा रही है, इसके साथ ही वीवीआईपी के वाहन चलाने वाले ड्रायवरों को भी इसमें शामिल किया गया है। इन्हें एनएसजी कमांडों की तरह ट्रेंड किया जा रहा है। यह ट्रेनिंग प्रदेश में कानून व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए बनाई गई कार्ययोजना का हिस्सा है। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार छत्तीसगढ़ में एनएसजी के माध्यम से प्रशिक्षण का यह कार्यक्रम इसलिए चलाया जा रहा है, क्योंकि छत्तीसगढ़ एक नक्सल प्रभावित राज्य है। यहां वीवीआईपी सुरक्षा में पुलिस बल के जवान काम करते हैं, इन्हें जो प्रशिक्षण पूर्व में दिया गया है ,वह पुलिस की शैली का है। नई कार्ययोजना में वीवीआईपी सुरक्षा के पीएसओ और वाहन चालकों को एनएसजी कमांडो की तरह प्रशिक्षित किया जाना है। लिहाजा वीवीआईपी सुरक्षा को मजबूत करने के लिए एनएसजी 15 दिनों का पीएसओ कोर्स माना रायपुर में तथा वाहन चालकों का टेक्नीकल ड्रायविंग कोर्स वीआईपी वाहिनी माना में संचालित किया जा रहा है। बताया गया है कि यह प्रशिक्षण एनएसजी के मानदंडों के अनुरूप दिया जा रहा है।

## कानून व्यवस्था मजबूत करने बनाई गई है कार्ययोजना

### धरना प्रदर्शन के दौरान पुलिस अपनाएगी एसओपी

प्रदेश में कानून व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए बनाई गई कार्ययोजना के तहत जिलों में शांति, सुरक्षा, एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिलों में भीड़ नियंत्रण धरना प्रदर्शन, रैली के दौरान शांति एं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए, सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा और आम जानमाल की सुरक्षा के लिए पुलिस एवं जिला प्रशासन द्वारा की जाने वाली आवश्यक कार्यवाही के लिए पुलिस मुख्यालय द्वारा मानक संचालन प्रक्रिया(एसओपी) तैयार कर शासन से जारी करवाई गई है।



### सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिलों को बजट

इसी कार्ययोजना के तहत सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था की चुनौतियों पर उचित अनुक्रिया के लिए जिला स्वयं सक्षम हो इसके लिए जिलों में कानून व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध के लिए बलवा ड्राल सामाग्री व सुरक्षा संसाधनों की उपलब्धता एवं आवश्यकता का मूल्यांकन कर पुर्ननियोजन व नवीन संसाधनों की पूर्ति के निर्देश जारी किए गए हैं। इस काम के लिए जिलों को बजट आवंटित किया गया है। इसी क्रम में अपराधों पर नियंत्रण के इरादे से प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत बाउंड ओवर एवं जिला बदर की कार्यवाही करने कहा गया है। कानून व्यवस्था की स्थिति से निपटने के लिए पीटीएस माना, राजनांदगांव, मैनपाट एवं पीटीएस बोरगांव में चार पुलिस प्रशिक्षण इकाईयों में 15 दिनों का रिफ्रेशर कोर्स के माध्यम से बलवा ड्रील का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# शुष्क दिवस पर अवैध शराब का कारोबार, आबकारी ने मारा छापा

## महिला सहित 2 गिरफ्तार, सवा सौ लीटर शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

आबकारी विभाग ने बुधवार को राजधानी रायपुर में अवैध शराब का कारोबार करने वाले महिला सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों के कब्जे से कुल 648 पाव देशी मदिरा शराब जब्त की है। टीम ने इनमें से पुरुष को गंजपारा इलाके में न्यू कांकेर केशकाल गुड्स ट्रांसपोर्ट गैरेज से गिरफ्तार किया है, वहीं महिला को डीडी नगर क्षेत्र के सांई नगर स्थित मकान से गिरफ्तार किया है।





### गैरेज में चल रहा था शराब का अवैध कारोबार

आबकारी विभाग के सहायक जिला अधिकारी वैभव मित्तल ने बताया कि विभाग को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गंजपारा क्षेत्र में न्यू कांकेर केशकाल गुड्स ट्रांसपोर्ट गैरेज से भारी मात्रा में अवैध शराब का कारोबार किया जा रहा है। इस सूचना पर टीम ने गैरेज में छापा मारा, जहां से 480 पाव देशी मदिरा मसाला शराब जब्त की। इस दौरान टीम ने मौके पर गिरधर साहू नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पता चला कि गैरेज उसके आधिपत्य में था, लेकिन उसका मालिक कोई दूसरा है। आबकारी अधिकारी का कहना है कि मालिक का पता लगाया जा रहा है। इस मामले में अगर उसकी संलिप्ता पाई गई, तो उसके विरुद्ध भी केस दर्ज किया जाएगा।

### घर से 168 पाव देशी शराब जब्त

इसी प्रकार विभाग की टीम ने दूसरी कार्रवाई में डीडी नगर थाना क्षेत्र के सांई नगर में रहने वाली रेशमा महानंद सागर के घर छापा मारा। यहां से 168 पाव देशी मदिरा मसाला शराब जब्त की गई। टीम ने घर पर मौजूद रेशमा को भी गिरफ्तार किया है, जो शराब के अवैध कारोबार में संलिप्त है। बताया गया कि महिला आरोपी की महादेव घाट के पास ठेलानुमा दुकान भी है। इस दुकान में वह शराब बेचा करती थी। टीम ने इन दोनों प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) 59(क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

### 55 पाव देशी शराब लावारिस हालत में मिली

इस कार्रवाई के दौरान टीम ने कंपोजिट देशी मदिरा दुकान गंजपारा के पास लावारिस हालत में 55 पाव देशी मदिरा मसाला शराब भी बरामद की है। टीम में सहायक जिला आबकारी अधिकारी अल्ताफ खान, डीडी पटेल, टेक बहादुर कुर्रे एवं उपनिरीक्षक गण प्रकाश देशमुख, कौशलकिशोर सोनी, अनुला झाड़े भी शामिल थे।

### रजबंधा मैदान के पास शराब बेचते दो गिरफ्तार

इधर एक अन्य प्रकरण में एंटी क्राइम साइबर एवं मौदहापारा पुलिस की संयुक्त टीम ने रजबंधा मैदान के पास आसिफ खान 24 वर्ष एवं मोहम्मद वसीम अंसारी उर्फ गोलू 39 वर्ष निवासी मौदहापारा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से 575 पाव अंग्रेजी शराब तथा बिक्री की रकम बरामद की है। पुलिस की पूछताछ पर पता चला कि आसिफ आदतन अपराधिक प्रवृत्ति का है, जो पूर्व में भी आबकारी एक्ट के प्रकरण में जेल जा चुका है, वहीं उसकी मां एवं उसके भाई को भी कुछ दिनों पूर्व ही पुलिस ने आबकारी एक्ट के प्रकरण में जेल भेजा है।

# धान खरीदी नीति में बदलाव सूखत के लिए वित्त विभाग को भेजा जाएगा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

रायपुर छत्तीसगढ़ में हर साल होने वाली धान खरीदी के दौरान जब धान खरीदा जाता है, तो उसमें 17 प्रतिशत नमी होती, लेकिन महीना-दो महीना धान खरीद केंद्रों में रखा होने के कारण सूखने से धान का वजन कम हो जाता है, लेकिन सोसाइटियों को सूखत के नुकसान के बदले कोई राशि नहीं दी जाती। सरकार ने 2024-25 के लिए धान उपार्जन की जो नीति बनाई है, उसमें सूखत की भरपाई के लिए प्रावधान किया गया है। अब प्रावधान ये है कि धान खरीदी की अंतिम तिथि के एक माह बाद भी धान का उठाव नहीं होता है तो सोसाइटी को होने वाले सूखत के नुकसान की भरपाई के लिए वित्त विभाग को प्रस्ताव भेजा जाएगा। राज्य में धान के सूखत से होने वाले नुकसान का मुद्दा हर साल की धान खरीदी के दौरान सामने आता रहा है। पूर्व के वर्षों में सूखत का लाभ मार्कफेड को मिलता था। मार्कफेड के गोदाम में रखा गया धान सूखने पर एक प्रतिशत के हिसाब से राशि का प्रावधान था, लेकिन असल में सूखत का नुकसान सोसाइटियों के हिस्से में आता था। अब सरकार ने इस संबंध में नया प्रावधान किया है।



### खरीदी समाप्त होने के एक माह बाद सूखत की गणना

अब नई नीति में जो प्रावधान किया गया है, उसमें जो प्रावधान किया गया है, जानकार कहते हैं कि इस प्रावधान में स्थिति साफ नहीं है, यही कारण है कि सोसायटी संचालकों को लगता है कि सूखत का कोई लाभ उनके हिस्से नहीं आने वाला है। इसके पीछे गड़बड़ी ये है कि प्रावधान में कहा गया है कि धान खरीदी की अंतिम तिथि के बाद मार्कफेड द्वार खरीदी केंद्रों में भंडारित समस्त धान को एक माह के भीतर मिलर एवं परिवहन कर्ताओं के माध्यम से उठाव कराया जाएगा। यदि एक माह के बाद भी खरीदी केंद्र में धान शेष रह जाता है तो उठाव के लिए शेष धान की मात्रा पर समिति को सूखत प्रदान करने के लिए खाद्य विभाग द्वारा प्रस्ताव वित्त विभाग को भेजा जाएगा।

### शार्टेज नहीं तो राशि बैंक को मिलेगी

नई नीति में एक और प्रावधान ये है कि अगर किसी उपार्जन केंद्र (खरीद केंद्र) में निरंक शार्टेज आएगा, तो उन समितियों द्वारा खरीदे गए धान पर प्रति क्विंटल पांच रूपए की दर से बैंक व्यय प्रतिपूर्ति की राशि का भुगतान संबंधित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, रायगढ़ व जशपुर जिले के मामले में अपेक्स बैंक को किया जाएगा। किसी भी जिले के लिए उस जिले में हुए धान उपार्जन के लिए अधिकतम 2 करोड़ रूपए दिए जाएंगे।

# अदानी और मणिपुर मामले को लेकर कांग्रेस का राजभवन मार्च

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस ने बाबा आंबेडकर मूर्ति से राजभवन तक पैदल मार्च निकाला। गौतम अडानी के खिलाफ अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा लगाए गए आरोपों तथा मणिपुर में फैली हिंसा के विरोध में कांग्रेस ने यह मार्च निकाला।
पीसीसी अध्यक्ष ने कहा, अमेरिका न्याय विभाग ने अडानी के भ्रष्टाचार को उजागर किया है। इन आरोपों ने रिश्वतखोरी, मनी लॉन्ड्रिंग और बाजार में हेरफेर के एक परेशान करने वाले पैटर्न को उजागर किया है, जो भारतीय व्यापार और वित्त की प्रतिष्ठा को धूमिल करते हैं। यह घटना भारत में कॉर्पोरेट गवर्नेंस और नियामक निगरानी के संबंध में गंभीर चिंताएं उत्पन्न करती हैं। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के बीच विश्वास की हानि चिंताजनक है। इसके अलावा, सरकार द्वारा संसदीय चर्चा को जानबूझकर रोकना और इस मुद्दे पर मौन रहना जिम्मेदारी और जवाबदेही से बचने का एक चिंताजनक संकेत है। मणिपुर निरंतर हिंसा, गोलीबारी, कर्फ्यू और व्यापक अराजकता के एक अभूतपूर्व संकट का सामना कर रहा है।

# औद्योगिक क्षेत्रों के मुख्य मार्गों व स्लम बस्तियों में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे, 24 घंटे कंट्रोलरूम से होगी मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राजधानी रायपुर के औद्योगिक क्षेत्रों के मुख्य मार्गों पर जल्द ही सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इन कैमरों के लगने से अपराधियों पर पुलिस का शिकंजा कसेगा, वहीं दूसरी ओर दुर्घटना कर फरार होने वाली गाड़ियों की आसानी से पहचान भी हो पाएगी, जिसके बाद उन गाड़ियों का पता लगाकर उनके चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जा सकेगी।
आईजी अमरेश मिश्रा ने बुधवार को कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रास सभागार में औद्योगिक कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस बैठक में कलेक्टर डा. गौरव सिंह एवं एसपी लालउम्मेद सिंह, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप सहित जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।



### कैमरे लगाने सर्वे कर किया जाएगा स्थानों का चयन

आईजी अमरेश मिश्रा ने बैठक में कहा कि राजधानी के आसपास के क्षेत्रों जैसे औद्योगिक क्षेत्र एवं स्लम बस्तियों में सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से मॉनीटरिंग बहुत ही आवश्यक है। प्रत्येक एंगल में सीसीटीवी कैमरे के लिए स्थान चिन्हांकित किया जाएं और सर्वे के बाद उन स्थानों में कैमरे लगाए जाए। आईजी ने कहा कि हर क्षेत्र सीसीटीवी कैमरे से लैस हो, ताकि अपराध होने पर तत्काल कार्रवाई में मदद मिल सके, साथ ही दुर्घटना होने पर वाहन की पहचान हो सके। सीसीटीवी कैमरे सभी स्थानों पर होने से अपराध होने पर तत्काल पुलिस को कार्रवाई में मदद भी मिलेगी। इससे शहर की सुरक्षा भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों की जानकारी भी रखी जाए।

### अपराध में कमी आएगी : कलेक्टर

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि अपराध में कमी लाने के लिए सीसीटीवी कैमरे की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने स्लम बस्तियों एवं औद्योगिक क्षेत्रों में जल्द से जल्द सीसीटीवी कैमरे लगाने की तैयारी के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से मॉनिटरिंग के लिए छोटे-छोटे कंट्रोल रूम बनाए।

### अपराधियों पर लगाम लगाने कैमरे बहुत जरूरी- एसपी

एसपी लाल उम्मेद सिंह ने कहा कि शहर को सुरक्षित करने और अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए सीसीटीवी कैमरे की आवश्यकता है। इसमें सभी की सहभागिता बहुत ही जरूरी है। सीसीटीवी कैमरे हर एंगल में लगाने की जरूरत है, ताकि अपराध होने पर तत्काल सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से अपराधियों को पकड़ा जा सकता है।

### भाठागांव का नाम बदलने के प्रस्ताव के विरोध में विधायक का पुतला दहन



**रायपुर।** रायपुर नगर निगम एमआईसी में भाठागांव के नाम बदलकर अरिहंत नगर रखने के प्रस्ताव के विरोध में बुधवार को भाठागांव के नागरिकों ने भाजपा के उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा के खिलाप मुर्दाबाद के नारे लगाकर विधायक का पुतला जलाया। इस मौके पर भाठागांव के नागरिकों का कहना है कि भाठागांव का नाम 100 वर्षों पहले से चला आ रहा है। विधायक द्वारा बिना ग्रामीणों की सहमति से नाम बदलने का प्रस्ताव रखना भाठागांव की जनता के भावना से खिलवाड़ करना है। इसी दौरान भाठागांव के पार्षद सतनाम पनाग ने बताया कि, वर्षो पुराने भाठागांव का नाम को बदलना किसी भी हाल में सही नहीं, हमारी महापौर परिषद तीन दिन पहले ही नाम बदलने के प्रस्ताव को निरस्त कर चुकी है, लेकिन विधायक द्वारा राज्य शासन से जबरदस्ती भाठागांव के नाम को बदलवाया जाता है। पुतला दहन करने वालों में जय सोनकर, राजा यादव, मुन्ना सोनकर, रमेश सोनकर, जीतू ब्रिजवानी, मनोज सोनकर, ललित साहू, खेम सोनकर आदि उपस्थित रहे।

# व्यापम ने कहा- डेटा आपके ही पास, इधर... सर्द रात में बीएड अभ्यर्थियों का पैदल मार्च

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

बीएड डिग्रीधारियों को उनके पद से हटाकर डीएलएड अभ्यर्थियों को पदस्थ किए जाने संबंधित मामले में अब तक कार्रवाई नहीं की जा सकी है। पिछले सप्ताह विभाग द्वारा डीएलएड अभ्यर्थियों को नियुक्ति दिए जाने के लिए 15 दिनों का समय मांगा गया था। इसके पूर्व कोर्ट के आदेश की अवमानना संबंधित मामले में सुनवाई के दौरान अपना पक्ष रखते हुए कहा था कि व्यापम द्वारा अब तक कैंडिडेट्स की मेरिट लिस्ट प्रेषित नहीं की जा सकी है। इसके कारण उन्हें अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने में परेशानी हो रही है। व्यापम द्वारा इसका जवाब पिछली सुनवाई के पूर्व ही दे दिया गया था। व्यापम ने अपने जवाब में कहा है कि पूरा डेटा आपके पास है। परीक्षा परिणाम जारी होते ही प्रावीण्य सूची सहित सभी तरह की जानकारी प्रेषित कर दी गई थी। इसके आधार पर ही विभाग द्वारा शुरुआती चरणों की काउंसिलिंग की गई है। सौंपी गई सूची के आधार पर ही आरक्षण व अन्य नियमों के अंतर्गत विभाग द्वारा नियुक्ति की जाती है। व्यापम पृथक रूप से नियुक्ति सूची जारी नहीं करता है।




**महोबाजार से पहुंचे पचपेढ़ी नाका :** तमाम प्रक्रियाओं के बीच सैकड़ों की संख्या में बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षक पैदल मार्च करते हुए रायपुर पहुंचे। बुधवार को उन्होंने महोबाबाजार से अपनी पदयात्रा शुरू की। गोल चौक, रिंग रोड होते हुए वे पचपेड़ी नाका पहुंचे। रात्रि लगभग 10 बजे यह पैदल यात्रा पचपेढ़ी नाका पहुंची। सर्द रात में भी अभ्यर्थी अपने मांगों की तख्ती लिए हुए नजर आए।

### अगले सप्ताह देना होगा जवाब

शासन द्वारा मांगा गया 15 दिनों का समय अगले सप्ताह समाप्त हो जाएगा। इसके बाद बीएड परीक्षार्थियों को हटाए जाने तथा उनके स्थान पर नियुक्त किए गए डीएलएड अभ्यर्थियों की जानकारी देनी होगी। विभाग द्वारा इस पर क्या तैयारी की गई है, इसकी जानकारी अब तक साझा नहीं की जा सकी है। बीएड डिग्रीधारियों को हटाए जाने और डीएलएड डिग्रीधारियों को नियुक्ति दिए जाने को लेकर कशमकश की स्थिति बनी हुई है।

### विधानसभा में भी उठा मुद्दा

मंगलवार को विधानसभा में भी यह मुद्दा उठा था। विधायक धर्मलाल कौशिक ने कहा, जिन बीएड अभ्यर्थियों को निकाले जाने का आदेश न्यायालय द्वारा दिया गया है, वे भी पढ़े-लिखे हैं। यदि विभाग में कहीं पद रिक्त हैं, तो उन्हें वहां नियुक्ति दे देनी चाहिए। उनके भविष्य का सवाल है। बीते कई माह से वे नौकरी कर रहे हैं। आगे से नियम के आधार पर भी भर्ती होनी चाहिए। गौरतलब है कि नौकरी से निकाले जाने संबंधित आदेश से लेकर अब तक अभ्यर्थी कई स्तर पर जन प्रतिनिधियों से मुलाकात कर चुके हैं, लेकिन अब तक उन्हें किसी अन्य पद में भर्ती देने को लेकर निर्णय नहीं हुआ है।

# मोतीबाग पानी टंकी से 24 घंटे सात दिन पेयजल आपूर्ति जल्द

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- फिल्टर प्लांट के नए 80 एमएलडी प्लांट में तैयारी शुरू

मोतीबाग पानी टंकी से कनेक्ट वार्डों को 24 घंटे सात दिन पेयजल आपूर्ति योजना के तहत जल्द पेयजल आपूर्ति शुरू होगी। नगर निगम के जल विभाग द्वारा फिल्टर प्लांट के नए 80 एमएलडी प्लांट में इसके लिए तकनीकी तैयारी की जा रही है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर बुधवार को कार्यपालन अभियंता जल नरसिंग फरेन्द्र ने नए प्लांट का निरीक्षण कर पानी की गुणवत्ता और वाल्व का परीक्षण किया।
रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के 130 करोड़ की 24 घंटे जल आपूर्ति योजना वाले प्रोजेक्ट से मोतीबाग स्थित प्रदेश की सबसे बड़ी पानी टंकी से जल्द संबंधित वार्डों में 24 घंटे पेयजल आपूर्ति शुरू होगी। जल विभाग के अधिकारियों के मुताबिक वर्तमान में मोतीबाग पानी टंकी को फिल्टर प्लांट से 2 समय जल आपूर्ति के लिए 10 एमएलडी प्रतिदिन के हिसाब से जल आपूर्ति की जा रही है, पर 24 घंटे जल आपूर्ति की योजना शुरू होने पर 4 एमएलडी अतिरिक्त पानी की जरूरत पड़ेगी।
फिल्टर प्लांट के प्रभारी अधिकारी नरसिंग फरेन्द्र ने बताया कि मोतीबाग पानी टंकी के कमांड एरिया वाले वार्डों में 24 घंटे जल आपूर्ति नियमित रूप से देने 14 एमएलडी पानी की जरूरत पड़ेगी। जल विभाग के पास इसके लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध है। बुधवार को फिल्टर प्लांट के नए 80 एमएलडी प्लांट में आईएचपी टीम के साथ जल विभाग के अधिकारियों ने मोटर पंप की क्षमता और पानी की उपलब्धता की जांच की।

## खबर संक्षेप



### पर्यावरण जागरुकता माह का समापन

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के रिफ्रैक्टरी इंजीनियरिंग विभाग (आरईडी) में विभागीय पर्यावरण जागरूकता माह का समापन समारोह हुआ। मुख्य महाप्रबंधक प्रोसेनजीत दास, महाप्रबंधक राजेश गर्ग और उप महाप्रबंधक एस के अग्रवाल उपस्थित थे। महीनेभर चले तक चले जागरूकता माह के तहत कर्मचारियों और ठेका श्रमिकों के बीच पर्यावरणीय सामंजस्य को बढ़ावा देने के विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। वरिष्ठ प्रबंधक राकेश सिंह ठाकुर ने आरईडी द्वारा संचालित कार्यक्रमों की जानकारी दी। एजीएम मालिनी परगनिहा ने रोजमर्रा की गतिविधियों में पर्यावरण महत्व को बताया। 56 बीएसपी कर्मचारियों और 14 श्रमिकों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। उप प्रबंधक (एचआर) शालिनी चौरसिया ने व वरिष्ठ प्रबंधक मोहित कुमार ने प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की। एजीएम अमित राय ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

### कार्मिकों की पत्नियों ने किया संयंत्र भ्रमण

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सर्विसेस जोन के अंतर्गत आने वाले विभागों ईएमडी, एमआरडी, आरएमडी, पीपीसी, सीसीडब्ल्यू और सीएमडी विभाग में कार्यरत कार्मिकों की पत्नियों ने आप भी जानिए कार्यक्रम के तहत संयंत्र का भ्रमण किया। मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तुषार कान्त की अध्यक्षता में कार्यक्रम के अध्यक्ष थे। सर्विसेस जोन के विभागों के 20 कर्मचारियों की पत्नियाँ शामिल हुई। मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, महाप्रबंधक एस के सोनी, महाप्रबंधक संजय द्विवेदी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने कर्मचारियों की पत्नियों के संयंत्र की उत्पादन प्रक्रिया में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष योगदान को रेखांकित किया। एजीएम जया राय ने स्वागत भाषण दिया। सीजीएम ने राष्ट्र निर्माण में संयंत्र के उत्पादों के योगदान पर चर्चा की। संयंत्र भ्रमण के दौरान पत्नियों को संयंत्र की प्रमुख उत्पादन इकाइयों में इस्पात उत्पादन एवं रोलिंग प्रक्रिया को देखा। सुरक्षा एजीएम अवनीश दुबे ने संयंत्र भ्रमण से संबंधित सुरक्षा निर्देशों से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रबंधक उपेन्द्र कुमार शर्मा ने किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी साजिद हुसैन, अनुभाग अधिकारी लक्ष्मी दौलतानी व अफजल खान, नीरज गुप्ता बिरेन्द्र ओरांव, प्रिय ठाकुर, सोमा रानी, श्री अंजोर भी उपस्थित थे।

## निधन

### विजय कुमार साहू




**डौंडीलोहारा।** नगर के वार्ड क्रमांक 8 राजापारा निवासी विजय कुमार साहू 39 वर्ष का गुरुवार को निधन हो गया। वे देवप्रसाद साहू के पुत्र और गजेंद्र गज्जू साहू के छोटे भाई थे। उनका अंतिम संस्कार नगर के मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें नगर सहित आसपास के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# आखिरकार पंडवानी गायिका तीजन को मिली पांच लाख रुपए की सरकारी मदद

## स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल विधायकों के साथ तीजन के घर गनियारी पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

पिछले डेढ़ साल से बीमारी और आर्थिक तंगी से जूझ रहीं अंतर्राष्ट्रीय पंडवानी गायिका पद्मविभूषण तीजन बाई के प्रति आखिरकार राज्य सरकार ने उदारता दिखाई है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल विधायकों के साथ प्रशासनिक व स्वास्थ्य टीम के साथ पंडवानी की लोक गायिका तीजन की हालत जानने मंगलवार को उनके निवास गांव गनियारी पहुंचे। उन्होंने तीजन बाई और उनके परिजनों से मुलाकात कर हाल-चाल पूछा और स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। श्री जायसवाल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के तरफ से 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि का चेक पंडवानी गायिका को प्रदान किया। साथ ही शासन स्तर से बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने का भरोसा भी परिजनों को दिलाया। परिजनों के अच्छे व सतत इलाज के साथ परिवार के एक सदस्य को नौकरी की माँग पर मंत्री श्री जायसवाल ने मुख्यमंत्री से चर्चा करने का भी आश्वासन दिया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री साय ने निर्देश दिया है कि छत्तीसगढ़ की पहचान पद्म विभूषण तीजन बाई के इलाज में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। इलाज के लिए चिकित्सकों की एक टीम भी तैनात की गई है जो लगातार उनका मेडिकल बुलेटिन भी जारी करते रहते हैं। मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के तौर पर पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री ने तीजन बाई को शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। चिकित्सकों की टीम ने तीजन का चेकअप भी किया। इस अवसर पर अहिवारा के विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर और शहर के विधायकं गजेंद्र यादव,संचालक स्वास्थ्य सेवाये, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी एसडीएम, तहसीलदार ,सीएमएचओ डां. मनोज दानी और चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मचारी भी मौजूद थे।



### मंत्री के हौसले से परिजनों को नई उम्मीद

पंडवानी गायिका 78 वर्षीय तीजन बाई पिछले डेढ़ साल से पैरालाइज व हार्ट की बीमारी से अस्वस्थ चल रही हैं। पहले की तरह बात नहीं कर पातीं और बेड पर ही हैं। उन्होंने पंडवानी की अंतिम प्रस्तुति दो साल पूर्व भोपाल में दी थी। परिजनों ने बताया कि परिवार में कोई सरकारी नौकरी में नहीं है। स्वास्थ्य मंत्री ने तीजन व परिजनों का हौसला बंधाते हुए मुख्यमंत्री से चर्चा कर शासन स्तर पर भरसक मदद की बात कही। इस दौरान पंडवानी गायिका तीजन बाई की बहन रंभा, बहू सावित्री, रेणू देशमुख, नाती सिद्धार्थ आदि परिवार के सदस्य उपस्थित थे। रेणू ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री की हौसलाआफजाई से तीजन अम्मा सहित परिवार को नई उम्मीद बंधी है। उन्होंने 5 लाख की आर्थिक सहायता के साथ बेहतर इलाज करवाने का भी भरोसा दिलाया है।

## अधिकारियों की पूरी हो रही मांगें, कर्मियों की अटकाए

# सेल में कर्मियों और अफसरों के बीच भेदभाव से बढ़ रहा असंतोष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई


सेल ( स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड) में सुविधाओं को लेकर कर्मचारियों व अधिकारियों किए जा रहे भेदभाव से कर्मियों में असंतोष बढ़ रहा है। यूनियनों के लगातार ज्ञापन से लेकर आंदोलन के जरिए ध्यानाकर्षण के बाद भी कर्मियों की लंबित समस्याओं का निदान नहीं किया जा रहा है। बीएकेएस के मुताबिक अधिकारियों के सभी माँगो को पूरा किया जा रहा है तो दूसरी तरफ सेल कर्मचारियो के मुद्दो को वर्षो से अटकाए रखा गया है ।

बीएकेएस के उप महासचिव नवीन ने बताया कि कर्मचारियों की कई मांगों का निदान अब तक नहीं किया गया है। कई मुद्दे लंबित हैं। वेज रीविजन एमओए,. फिटमेंट तथा पर्क्स एरियर का भुगतान, बोनस फॉर्मुला में सुधार, हाउस पर्क्युजिट में आयकर छूट,एनजेसीएस में सुधार ग्रेड वाईज पदनाम, सुपरवाईजरी कैडर, ट्रांसफर कर्मचारियों की घर वापसी, इंसेंटीव रिवार्ड में सुधार, छुट्टियों की संख्या को अधिकारी वर्ग के बराबर करने आदि मांगें लंबित हैं।

### कम हो कर्मी

| साल | कर्मचारी |
|---|---|
| 2024-25- | 2890 |
| 2025-26- | 2693 |
| 2026-27 - | 2713 |
| 2027-28- | 3006 |
| 2028-29- | 3016 |
| 2029-30- | 2866 |
| 2030-31- | 2583 |
| 2031-32- | 2523 |
| 2032-33- | 2138 |
| कुल- | 24428 |

### घट रहे कर्मी, बढ़ रही समस्याएं



### अनफेयर लेबर प्रेक्टिस

" इस्पात मंत्रालय की मिनिरत्ना कंपनी एमओआईएल तथा मेकॉन के कर्मचारियों की सुविधाएँ सेल कर्मचारियों के मुकाबले कई गुना अधिक है । सेल प्रबंधन लगातार अनफेयर लेबर प्रैक्टिस किए जा रहा है ।

**नवीन ध्रुव,**
उप महासचिव बीएकेएस



# बेलमाण्ड में लगा पशु मेला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिला पशु विभाग व पशुधन विकास विभाग द्वारा ग्राम बेलमाण्ड में पशु मेला, उत्सव प्रदर्शनी एवं गौ पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कृषि स्थायी समिति जिला पंचायत बालोद की सभापति ललिता पीमन साहू रही, अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य कृतिका साहू ने की, वही विशेष अतिथि जनपद उपाध्यक्ष कल्याण साहू, जिला भाजपा महामंत्री राकेश यादव, जनपद सदस्य पूनम साहू, सरपंच मधुलता यादव, ग्रामीण अध्यक्ष महेंद्र साहू रहे। कार्यक्रम का आयोजन कृषकों एवं पशुपालको में पशुपालन के प्रति जागरूकता लाने व सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार के पशुओं का प्रदर्शन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट पशुओं का चयन कर पशुपालकों को पुरस्कृत किया गया। विभाग के द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई, गौपूजन के साथ साथ गौसेवकों का सम्मान भी किया गया।



## विष्णु के सुशासन की पाती का किया गया वितरण...



**डौंडीलोहारा।** ग्राम भेड़ी में गुरुवार को आंगनबाड़ी के पास कलामंच में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने ग्राम के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में ग्राम के महतारी वंदन के हितग्राहियों को विष्णु की पाती का एक बुकलेट प्रदान किया। उक्त अवसर पर पर्यवेक्षक ज्योत्सना वी त्रिपाठी सरपंच रुखमणी राणा उपस्थित रहीं। साथ ही साथ सुपोषण चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें नन्हीं बच्ची दीपिका का अन्नप्राशन किया गया। उपस्थित पर्यवेक्षक ज्योत्सना वी त्रिपाठी ने विभागीय विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उक्त अवसर अनुसुइया साहू, हेमलता ओरेंद्र और ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## भारतीय खान ब्यूरो के दल ने रावघाट खदान का किया निरीक्षण

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के रावघाट लौह अयस्क खदान में भारतीय खान ब्यूरो के तत्वावधान में "आठवीं खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह" का आयोजन किया गया। ब्यूरो द्वारा नामित निरीक्षण दल द्वारा खदान का अवलोकन किया गया। दल के संयोजक, उप महाप्रबन्धक (एनएमडीसी) सुशांत रामटेक थे व सदस्य दीपांकर साहा और मोतीलाल जाट उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि मुख्य महाप्रबंधक अरुण कुमार तथा महाप्रबंधक अनुपम बिष्ट थे। कार्यक्रम में शपथ ग्रहण के बाद महाप्रबंधक श्री बिष्ट ने स्वागत भाषण और खदान प्रबंधक कौशल किशोर गुप्ता द्वारा अतिथियों को खदान में किए जा रहे खनन कार्य के बारे में समझाया गया तथा पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण के प्रयासों की जानकारी दी । खदान के निरीक्षण के बाद ग्राम खोडगांव, नारायणपुर में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी, खदान के अधिकारी, कर्मचारी एवं डीएवी स्कूल, नवोदय स्कूल, कस्तूरबा गांधी स्कूल के शिक्षक सहित विद्यार्थी मौजूद थे।

## आईटीआई गुण्डरदेही में हुई रंगोली और वाद विवाद प्रतियोगिता

**बालोद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले राज्य सरकार के 01 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शासकीय आईटीआई गुण्डरदेही में रंगोली एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुण्डरदेही के प्राचार्य ने बताया कि राज्य सरकार के 01 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता एवं वाद विवाद प्रतियोगिता में सभी व्यवसाय के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें राज्य शासन की योजनाओं एवं उपलब्धियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी भी प्रदान की गई। कार्यक्रम में प्रशिक्षण अधिकारी, कार्यालयीन स्टॉफ सहित प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।






## एसएमएस 2 में पौधारोपण कार्यक्रम, किया जागरूक

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शाप 2 (एसएमएस–2) विभाग द्वारा पर्यावरण जागरूकता सप्ताह के तहत स्लैब एवं ब्लूम स्टोरेज यार्ड में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण चेतना को बढ़ावा देने एवं संयंत्र के कार्बन फुटप्रिंट कम करने पर जोर दिया गया।कार्यकारी निदेशक राकेश कुमार मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तुषारकांत व एसके घोषाल सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। विभागीय कर्मियों ने भी योगदान दिया। उद्देश्य जैव विविधता को बढ़ाना, वायु गुणवत्ता में सुधार करना एवं एक स्वस्थ औद्योगिक वातावरण बनाना है। अतिथियों ने कहा कि यह अभियान औद्योगिक परिसर के भीतर पारिस्थितिक संतुलन को बढ़ावा देते हुए एक हरियाली भरे और स्वस्थ भविष्य के निर्माण में सामूहिक योगदान को प्रदर्शित करता है।







## पेज 9 के शेष

### श्यामपुर कांपा में मना ..

प्रेमी परिवार संगठन रायपुर से मंजू गोस्वामी, प्रदेश अध्यक्ष हेमप्रकाश साहू बेमेतरा ब्लाक सचिव, रमेश साहू मीडिया प्रभारी और मानस मंडलियों के सभी सदस्य मौजूद रहे।

### सीएचसी बेरला में ...

साहू काउंसलर, विनेश्वर जायसवाल, रामचरण ने इस रक्तदान शिविर में सेवाएं प्रदान की। रक्तदाताओं में बीएमओ डॉ जितेंद्र कुमार कुंजाम, निक्सन ज़ेमन, साहिल, गिरी नंदन, जितेंद्र कुमार धीवर, मिथलेश साहू, केशव प्रसाद, संतोष कुमार, गुलाबचंद सिन्हा, भारत लाल साहू, हेमंत कुमार, डॉ पंकज वर्मा, पंकज साहू, के सहयोग से रक्तदान शिविर सफल रहा रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### मैं किसानों को नहीं ...

सहित अन्य अपराध करने में मशगूल होकर कानून के रखवाले पुलिस कर्मी के घर घुस कर हत्या जैसी घटना को अंजाम दे रहे हैं ओर सरकार तमाशा देख रही है। किसान भवन के लोकार्पण के पूर्व भूपेश बघेल के आगमन पर किसान समिति के सदस्यों एवं मौजूद किसानों ने गाजे बाजे के साथ उनका स्वागत किया। इस दौरान कुंवर सिंह वर्मा, भागवत वर्मा, जगदीश साहू, बंशी पटेल, पार्षद रेहाना वाहिद रवानी, संतोष रजक, मनोज, लक्की साहू, अशोक वर्मा, जितेंद्र ठाकुर, ललित विश्वकर्मा सहित हजारों की संख्या में महिलाएं व पुरुष शामिल रहे।



## खबर संक्षेप

### ग्राम भेजा मैदानी में श्रीमद् भागवत कथा 23 से

**गुरूर।** विकासखण्ड के ग्राम भेजा मैदानी में राजेंद्र यादव एवं कौशल मलागर द्वारा 23 से 29 दिसम्बर तक श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। कथावाचक पंडित लोकेश शर्मा नेवारीकला वाले होंगे। परायणकर्ता पंकज शर्मा व गौरव तिवारी करेंगे। नरेश साहू ने बताया कि 23 दिसम्बर को गौकरण पूजा, कलश यात्रा, वेदी पूजन, कथा प्रारंभ होगी। 24 को ध्रुव चरित्र, सती चरित्र कथा होगी। 25 को प्रहलाद चरित्र, 26 को कृष्ण जन्म उत्सव मनाया जाएगा। 27 को रुक्मिणी विवाह होगा। 28 को सुदामा चरित्र, चढौती के बाद शोभायात्रा निकाली जाएगी। 29 दिसम्बर को गीता पाठ, हवन, पूर्णाहुति होगी।

### एपीएस में झमाझम आनंद उत्सव 21 को

**डौंडीलोहारा।** सन्मति एजुकेशन सोसाइटी डौंडीलोहारा द्वारा संचालित आनंद पब्लिक स्कूल डौंडीलोहारा में 21 दिसंबर को आनंद उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इसकी तैयारी जोर-शोर से चल रही है। बच्चों द्वारा कर्मा, ददरिया, सुवा, भांगड़ा ,राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। संस्था के वीके साहू ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10 बजे से शाम तक कार्यक्रम चलेगा। आनंद उत्सव में सभी नागरिकों को सादर आमंत्रित किया गया है।

### जेल प्रहरी के साथ मारपीट

**भिलाई।** मामूली विवाद के बाद जेल प्रहरी के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351 (2) के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि पदमनाभपुर दुर्ग निवासी दिवाकर सिंह पैकरा केंद्रीय जेल दुर्ग में जेल प्रहरी के पद पर कार्यरत है। 15 दिसंबर को अपने साथी कमल साहू के साथ देशी शराब भट्टी पोटिया गया था। कसारीडीह निवासी आरोपी रमन यादव जो पूर्व में केंद्रीय जेल दुर्ग में निरुद्ध था। आरोपी रमन यादव ने अपने अन्य दोस्त अशोक यादव, दादु यादव समेत अन्य के साथ मिलकर प्रहरी को जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। घटना में प्रहरी के नाक, कान, सिर व अन्य हिस्सों में चोट आई है।

### स्कूली छात्र के साथ मारपीट

**भिलाई।** स्कूली छात्र के साथ गाली गलौज कर मारपीट करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) और 351(2) के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि हुड़को स्थित डीएवी स्कूल का कक्षा 10 वीं का छात्र सोमवार की शाम अपने दोस्त के साथ नेहरु नगर चौक के पास बेकरी में बाइक से नाश्ता करने आया था। इसके बाद अग्रसेन चौक के सामने नेहरू नगर के पास पीछे से हिमांशु, लक्ष्य शर्मा जिसे पीड़ित इंस्टाग्राम के जरिये जानता है। बाइक से आए और बाइक को डेस मारने को लेकर विवाद करने लगे। हिमांशु और लक्ष्य शर्मा ने छात्र को जमकर गाली गलौज करने लगे। मना करने पर आरोपी युवकों ने पीड़ित को हाथ मुक्का और डंडा से मारपीट कर घायल कर दिया। तभी आरोपियों के अन्य साथी भी घटनास्थल पहुंचे और छात्र को ताबड़तोड़ पिटाई कर दी। पीड़ित को बचाने आए दोस्त के साथ भी युवकों ने मारपीट किया।

# कुएं के कारण बढ़ गया था खतरा, जगत की ऊंचाई बढ़ाकर लगा दी जाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

ग्राम पंचायत कुसुमकसा के वार्ड 7 कुआं चौक स्थित एकमात्र कुएं के चारों ओर मुंडेर का निर्माण कर सुरक्षा के लिए जाली लगाई गई। इससे एक ओर जहां मुख्य चौक पर होने और इसकी सतह जमीन के बराबर हो जाने से हमेशा बना रहने वाला खतरा टल गया है, वहीं दूसरी ओर इसका उपयोग अब बिना किसी भय के किया जा सकेगा। बता दें कि जनपद सदस्य संजय बैस ने नागरिकों की मांग पर इस कार्य के लिए जनपद सदस्य मद से राशि स्वीकृत करवाया है। उल्लेखनीय है कि कुसुमकसा के वार्ड क्रमांक 7 में बहुत पुराना कुआं है, जिसके पानी का उपयोग मोहल्लेवासी आज भी करते हैं। इसका पानी सुपाच्य और स्वादिष्ट होने के कारण निस्तारी के साथ ही पीने के लिए भी किया जाता है। लेकिन, कुएं के जमीन की सतह के बराबर होने के कारण हमेशा खतरा बना रहता था। कई बार लोग इस कुएं में गिर भी चुके हैं। मोहल्लेवासियों जनपद सदस्य संजय बैस के पास अपनी समस्या रखी, जिसे उन्होंने गंभीरता से लेते हुए अपनी जनपद निधि से एक लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की। इस राशि से जहां कुएं की मुंडेर को ऊंचा किया गया, वहीं सुरक्षा के लिए इस पर लोहे की जाली भी लगाई गई। मुंडेर की ऊंचाई बढ़ाने और सुरक्षा जाली लगाए जाने से जान-माल का खतरा टल गया है। वहीं, इससे कुएं का पानी भी स्वच्छ और निर्मल भी रहेगा। मोहल्लेवासियों ने जनपद सदस्य संजय बैस का आभार व्यक्त किया है।

**ग्राम पंचायत कुसुमकसा के वार्ड 7 में पुराने कुएं को लोगों ने सहेजा**



#### नागरिकों ने जताया आभार

सरपंच शिव राम सिन्द्रामे ने कहा कि यह बहुत पुराना कुआं है, जो हम सबके लिए बहुत उपयोगी है। लेकिन, खतरे को देखते हुए हमने जनपद सदस्य संजय बैस से सुरक्षा के उपाय करने का आग्रह किया था। उन्होंने कुएं के रखरखाव और हमारी सुरक्षा के लिए राशि स्वीकृत कर समस्या दूर कर दी। वहीं, इस कुआं चौक को सजा दिया। मोहल्ले के निवासी कन्हैया भौसर्य ने कहा कि हमारी पुरानी मांग को जनपद सदस्य संजय बैस ने पूरा किया है। हम सभी उनका धन्यवाद करते हैं। इस अवसर पर राजेंद्र पोटाई, गिरवर रावटे, देवनाथ माडिया, बीरबल सिन्द्रामे, महेश कुरैटी, मालिक सिन्द्रामे, तिहारु पंन्द्रामे, हीरा पंन्द्रामे, भगत नेताम, नारद पंन्द्रामे, ठालू नेताम, नारायण बीर सिंग सहित अनेक नागरिक उपस्थित थे।

### नगर के मोहभट्ठा रोड जोड़ा जैतखाम में आयोजित जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक

# बाबा गुरु घासीदास ने मानवता और भाईचारे का संदेश दिया, जो आज भी सार्थक है : दीपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा


नगर के मोहभट्टा रोड जोड़ा जैतखाम में आयोजित गुरु घासीदास जयंती समारोह में विधायक दीपेश साहू बतौर मुख्यअतिथि शामिल हुए।

सर्वप्रथम विधायक ने गुरुगद्दी व जैतखंभ की पूजा अर्चना कर क्षेत्र वासियों की खुशहाली व समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर विधायक ने समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम सभी बाबा गुरु घासीदास की जयंती हर्षोल्लास के साथ मना रहे हैं। बाबा गुरु घासीदास जी का संदेश है कि मनखे-मनखे एक समान, इससे बढ़कर दूसरा कोई संदेश नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने मानवता और भाईचारे का संदेश दिया है जो आज भी सार्थक है। उन्हें



कहा कि बाबा के सत्य के रास्ते में चलने का संदेश दिया है। जैतखाम में सफेद ध्वजा शांति भाईचारे का प्रतीक है। गुरु घासीदास ने छत्तीसगढ़ में सतनामी समुदाय की स्थापना 'सतनाम' के सिद्धांत पर की, जिसका अर्थ हैं सत्य और समानता। वे एक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व थे, जिन्होंने जातिगत भेदभाव और अस्पृश्यता जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाई। इस अवसर पर धर्मेंद्र साहू, युगल देवांगन,सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी, गोलू कोसले, रेवा राम निषाद, ओमकर साहू ,दीनानाथ साहू सहोद्रा नवरंगे,जीडी कुर्रे सर, राजेश मार्केडेय, अरुण कुमार खरे ,पियूष शर्मा, राजेश मार्केडेय,खेलन सोनवानी विजय पात्रे, मुकेश कुर्रे, हरिचंद, अजय, नीलेश, डॉ नरेश साहू, विजय पात्रे ,डॉ प्रकाशभारती ,केवल सोनवानी, टेकराम कुर्रे, गोपाल नवरंगे आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन राजेश नवरंगे द्वारा किया गया।

# साजा भाजपा मंडल अध्यक्ष बने बुलाक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

साजा भाजपा मंडल के नए अध्यक्ष के रूप में बुलाक साहू की नियुक्ति पर क्षेत्र में हर्षोल्लास का माहौल है। नियुक्ति के बाद क्षेत्रीय विधायक ईश्वर साहू ने साजा निवास पहुंचकर बुलाक साहू को बधाई दी और शीर्ष नेतृत्व, सांसद विजय बघेल, एवं भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी का आभार व्यक्त किया।

■ विधायक ईश्वर ने दी बधाई व शुभकामनाएं

इस अवसर पर निर्वाचन अधिकारी प्रमेश्वर वर्मा, मंडल अध्यक्ष बल्लू राम साहू, बिसरु साहू, रोहित सिंह ठाकुर, शौर्य जीत सिंह, मुलचंद शर्मा, धर्मचंद जैन, परमानंद यदु सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

रेस्ट हाउस में आयोजित स्वागत समारोह में लुकराम साहू, हनुमंत साहू, पुरन साहू, लेखु राम साहू, सुरज राजपूत, जितेन्द्र साहू, दाऊ राम, ओमपाल, मिना राम साहू, अश्विनी साहू, त्रिलोकी साहू, नेतराम, करण, इंदल, अनिल, युवराज, प्रमोद, प्रहलाद वर्मा, नारद साहू, ओमकार साहू, गोविंद साहू, गज्जू साहू, मुकेश, ललित साहू और योगी राम ने बुलाक साहू को शुभकामनाएं दीं। मंडल अध्यक्ष बनने के बाद बुलाक साहू ने कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी पार्टी ने उन्हें दी है, जिसे वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे। उन्होंने पार्टी के हर कार्यकर्ता को साथ लेकर संगठन को और मजबूत करने का संकल्प लिया।

इस मौके पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष को फूल-मालाओं से स्वागत कर अपना समर्थन और उत्साह प्रकट किया। समारोह में भाजपा की एकजुटता और आगामी चुनावों में विजय के प्रति संकल्प का प्रदर्शन हुआ।

### वार्ड क्रमांक 10 में धूमधाम से मनाई गई गुरु घासीदास जयंती

**डौंडीलोहारा।** नगर के वार्ड क्रमांक 10 में बाबा गुरु घासीदास जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। अतिथि लोकेश्वरी गोपी साहू अध्यक्ष नगर पंचायत व सभापति झुमुक लाल कोसमा उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा जी की पूजा अर्चना कर किया गया।

# सेवा सहकारी समिति बेमेतरा के अध्यक्ष बने दोहाई लाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

दोहाई लाल वर्मा सेवा सहकारी समिति मर्यादित बेमेतरा के सीमित अध्यक्ष बनाए गए हैं। अध्यक्ष बनने के बाद दोहाई लाल वर्मा अपने समर्थको के साथ विधायक कार्यलय पहुंचे, जहाँ विधायक दीपेश साहू का सोसायटी अध्यक्ष मनोनीत करने पर आभार जताया। वहीं, विधायक श्री साहू ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने कहा कि आपके नेतृत्व में सोसायटी निश्चित रूप से विकास के नए आयाम स्थापित करेगी। अध्यक्ष दोहाई लाल वर्मा ने कहा कि जो जिम्मेदारी पार्टी द्वारा मुझे दी गई है, उसको सत्य निष्ठा के साथ सीमित के हित में किसानों के हित में कार्य करूंगा तथा हमेशा किसानों के समस्याओं के समाधान करने के लिए तत्पर रहूंगा। इस अवसर पर, धर्मेंद्र साहू, विकास तम्बोली, युगल देवांगन, तारण राजपूत, देवराम साहू पार्षद, यशवंत लहरे, रेवा राम निषाद, सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# बेमेतरा भाजपा ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष चुने गए गजानंद

**बेमेतरा।** गजानंद साहू बेमेतरा भाजपा ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। जिलाध्यक्ष भाजपा ओमप्रकाश जोशी जिला चुनाव सह अधिकारी राजेन्द्र शर्मा मंडल चुनाव अधिकारी राजू देवांगन मण्डल अध्यक्ष छोटू राम साहू होरी लाल सिन्हा की उपस्थिति में नामांकन प्रक्रिया अपनाई गई। गजानंद साहू के नाम का प्रस्ताव छोटू राम साहू ने किया और समर्थन डेरहा देवांगन ने किया। इस अवसर पर महेश साहू प्रबल ठाकुर, रेवा राम निषाद नरेन्द्र वर्मा, भागीरथी साहू, मोहन वर्मा,लव साहू, रामकुमार निषाद, ओम सिंह वर्मा,युगल देवांगन, संतोष वर्मा उपस्थित थे।



# जेल में की गई 70 वर्ष से अधिक उम्र के बंदियों की स्वास्थ्य जांच

**बालोद।** नालसा द्वारा पुराने एवं असाध्य रोग से पीड़ित बंदियों के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिला यूनिट बालोद द्वारा बालोद जेल का निरीक्षण किया जा रहा है।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के आदेशानुसार 19 दिसंबर को नालसा द्वारा 10 दिसंबर से 10 मार्च तक पुराने एवं असाध्य रोग से पीड़ित बंदियों के लिए चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद श्यामलाल नवरत्न के मार्गदर्शन में गठित जिला यूनिट बालोद के द्वारा जिला जेल बालोद का निरीक्षण कर प्रत्येक विचाराधीन बंदी एवं दोषसिद्ध कैदी से उनके उम्र एवं स्वास्थ्य संबंधी तथा 70 वर्ष से अधिक उम्र एवं असाध्य बीमारी से ग्रस्त बंदी के संबंध में जानकारी ली गई। जिला यूनिट के सदस्य सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद श्वेता उपाध्याय गौर, डिप्टी लीगल एड डिफेंस कौंसिल बालोद देवलाल चौधरी व पैनल अधिवक्ता पंकज राजपूत तथा जेल अधीक्षक बालोद एस शोभारानी एवं अधिकार मित्र उपस्थित थे।



# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुरूर में की गई स्वास्थ्य जांच

**गुरूर।** स्वास्थ्य शिविर में गैर संचारी व अन्य बीमारियों की जांच की गई। विकासखंड गुरुर में जिला प्रशासन के निर्देशानुसार व खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर डॉ सुनील भारती के मार्गदर्शन में विकासखंड गुरुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में मधुमेह 82, रक्तचाप 91, ओरल कैंसर 82, स्तन कैंसर 40, ग्रीवा कैंसर 40 एव दंत रोगों का स्क्रीनिंग किया गया साथ ही 20 लोगों का टी बी जाच हेतु एक्स रे किया गया।

# बीजापुर में मना पेंशनधारी कल्याण संघ का स्थापना दिवस, जिले के पेंशनर हुए शामिल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ का 23वां प्रांतीय पेंशनर्स डे एवं सम्मान समारोह का आयोजन दक्षिण बस्तर के जिला बीजापुर में स्थापना दिवस को हुआ। कार्यक्रम में जिले के पेंशनर भी शामिल हुए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा थे, अध्यक्षता छत्तीसगढ़ के प्रांतीय अध्यक्ष डॉक्टर डीपी. मनहर ने की। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रांत के विभिन्न जिलों एवं तहसील के पदाधिकारी एवं पेंशनर्स साथी उपस्थित थे। 80 साल से ज्यादा उम्र के पेंशनरों को मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। बालोद जिले से छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के अध्यक्ष डॉ आरएम चावड़ा के निर्देशन में पदाधिकारी एवं पेंशनरों में पीएल देशमुख, बीआर बेलसर, मोहनलाल धुर्वे, ताम्रध्वज निषाद, चंद्रभूषण देशमुख, बलदेव सिंह ठाकुर, चुरामन सिंह साहू, गंगा बाई, सावित्री बाई, पुष्पा बाई एवं किरण सिन्हा उपस्थित थे। इस अवसर पर चट्टानी एकता जिंदाबाद पेंशनर्स कल्याण संघ जिंदाबाद का उद्घोष करते हुए रैली निकाली गई।

■ स्थापना दिवस के दिवस पर सदस्यों ने निकाली रैली

बालोद, गरियाबंद, रायपुर, नारायणपुर, कोंडागांव, केशकाल, सुकमा, भानु प्रतापपुर, मुंगेली, बिलासपुर, जांजगीर चांपा, रायगढ़, जशपुर, जगदलपुर, धमतरी जिले के पेंशनर रैली में शामिल हुए। प्रांतीय सम्मेलन बीजापुर के मंगल भवन के विशाल प्रांगण में हुआ।

# विद्यार्थियों को विशेष प्राथमिकता के साथ शिक्षा ऋण प्रदान करें बैंकर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिला स्तरीय परामर्शदात्री एवं समीक्षा समिति की बैठक में जिले के सभी बैंकर्स को विशेष प्राथमिकता के साथ विद्यार्थियों को शिक्षा ऋण प्रदान करने के निर्देश दिए। जिससे विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के अध्ययन-अध्यापन में आर्थिक कठिनाईयों का सामना न करना पड़े। कलेक्टर चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में ्योजित जिलास्तरीय परामर्शदात्री एवं समीक्षा समिति की बैठक में उपस्थित बैंकर्स को उक्ताशय के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में उपस्थित जिले के सभी बैंकर्स से जरूरतमंद विद्यार्थियों को समय पर आर्थिक मदद उपलब्ध कर उनके भावी भविष्य के निर्माण में सहयोग प्रदान करने को कहा है। बैठक में जिला अग्रणी बैंक के प्रबंधक सौरव जैन सहित बैंकर्स सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर चन्द्रवाल ने जिले में संचालित प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं जीवन ज्योति योजना की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने बैंकवार प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं जीवन ज्योति योजना के क्लेम से संबंधित लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए प्राप्त प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए।

### समाज कल्याण विभाग द्वारा झलमला में किया गया आयोजन

# दिव्यांग कलाकारों, खिलाड़ियों व प्रतिभाओं का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले राज्य सरकार के 01 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर समाज कल्याण विभाग बालोद द्वारा जिले के दिव्यांग कलाकारों, खिलाड़ियों एवं प्रतिभाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने झलमला स्थित समाज कल्याण विभाग कार्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में शामिल होकर दिव्यांगजनों को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान ग्राम कचांदुर के दिव्यांग



बच्चों द्वारा स्वागत गीत का मनमोहक प्रदर्शन किया गया। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कलेक्टर चन्द्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार के 01 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले के दिव्यांग कलाकारों, खिलाड़ियों एवं प्रतिभाओं को सम्मानित करने का यह अनूठा कार्यक्रम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगता को अपनी कमजोरी न समझे, अपने लक्ष्य के प्रति अडिग रहें,



कठिन परिश्रम और मेहनत से सफलता अवश्य मिलती है। इस अवसर पर उपस्थित दिव्यांग कलाकारों और खिलाड़ियों की उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए उन्हें अपनी शुभकामनाएं भी दी। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों ने अपने जीवन के संघर्ष और उपलब्धियों को भी साझा किया।

